बिजली के दरों की समीक्षा किये जाने हेतु सुझाव

587. **श्री अजीत जोगी** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल ही में राज्य सरकारों को कृषि क्षेत्र के लिए बिजली की दरों की समीक्षा करने का सुझाव दिया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उसके क्या कारण है; और

(ग) राज्य सरकारों की उस पर क्या प्रतिक्रिया है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) और (ख) जनवरी, 1993 में आयोजित विद्युत मंत्रियों के सम्मेलन में एक कार्य-योजना को अपनाया गया था जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ न्यूनतम कृषि टैरिफ 50 पैसे प्रति कि०वा० होनी चाहिए का प्रावधान किया गया था। राज्य बिजली बोर्डों के लिए निर्धारित किए गए तीन प्रतिशत का न्यनतम सांविधिक लाभ को प्राप्त करने के लिए अन्य उपायों के अलावा इसे आवश्यक समझा गया था।

(ग) उपलब्ध सूचनानुसार 13 राज्यों तथा 1 केन्द्रशासित क्षेत्र द्वारा 50 पैसे प्रति कि०वा० की न्यूनतम कृषि टैरिफ लागू कर दी गई है।

असम में गैस-आधारित "अंगूरी" विद्युत संयंत्र

588. **श्री अजीत जोगी** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) असम में स्थापित किये जाने वाला प्रस्तावित गैस-आधारित "अंगूरी" विद्युत संयंत्र की वर्तमान स्थिति क्या है ;

(ख) क्या इसका निर्माण कार्य शुरू हो गया है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके कारण क्या है ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी.वी. रंगैया नायडू) : (क) से (ग) योजना आयोग द्वारा अगस्त, 1991 में 408.25 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर राज्य क्षेत्र के क्रियान्वयन हेतु असम में अंगड़ी में 360 से० व० क्षमता वाले गैस आधारित संयक्त साईकिल विद्यत संयंत्र के प्रतिष्ठापन हेतु स्कीम को मंजूर किया गया था। चूंकि वित्त व्यवस्था को पुष्टि न हो सकी इसलिए इस परि-योजना पर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है। राज्य सरकार ने अब इस परि-योजना का निष्पादन निजी क्षेत्र द्वारा करवाने का निर्णय लिया है। इस प्रयोजन के लिए 10-6-1993 को असम राज्य बिजली बोर्ड और मैसर्स एन.ई. आई. इन्क. यू. एस.ए. के बीच एक समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस परियोजना को पूरी करने की अवधि का अनुमान सभी औपचारिकताओं के पूर्ण हो जाने और संयंत्र और उपस्कर के लिए सप्लाई आर्डर दे दिए जाने के बाद ही किया जा सकेगा।

मध्य प्रदेश में विद्युत उत्पादन

589. **श्री अजीत जोगी** : क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में बिजली का उत्पादन इसकी मांग-के-अनुरूप नहीं है;

(ख) यदि हां, तो मध्य प्रदेश को बिजली की आवश्यकता को किन-किन राज्यों से पूरा किया जा रहा है ;

(ग) क्या राज्य में बिजली की कमी के वर्ष 1994-95 तक बने रहने की संभावना है; और

(घ) यदि हां, तो केन्द्रीय सरकार ने इस स्थिति से निपटने के लिए क्या कदम उठाये हैं ?

विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री पी.वी. रंगया नायडू) : (क) अप्रैल, 1993 की अवधि के दौरान मध्य